Regarding communication between Haryana and western Uttar Pradesh

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक (मुजफ़्फ़रनगर) : धन्यवाद सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में एक अति महत्वपूर्ण विषय को लाकर उस पर कार्यवाही की मांग करता हूं । हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का रोटी-बेटी का संबंध है । रोज हजारों की संख्या में लोग यमुना के पार रोजगार के लिए आते-जाते हैं । यहां तक की किसान भी हरियाणा में जाकर के अपना अनाज बेचते हैं, परंतु आवागमन का कोई सुगम साधन नहीं है । मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि यह बहुत पुरानी मांग है । पानीपत और मेरठ के बीच रेलवे लाइन तथा शामली, मुजफ्फरनगर और बिजनौर से होते हुए करनाल तक रेलवे लाइन बनाने की कृपा करें । जो रैपिड रेल को मेरठ तक रोक दी गई है, उसे सहारनपुर तक बढ़ाने की कृपा करें । मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं । धन्यवाद ।